# जयपुर से गूंजेगा बदलाव का संकल्प

## साझेदारी से कृषि में नए युग की हो रही हैं शुरुआत : शिवराज

**नई दिल्ली, 1 अप्रैल. भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर पूरे देश में क्षेत्रवार जोनल कांफ्रेंस की व्यापक श्रृंखला शुरू की जा रही है.**

जिसके तहत अप्रैल-मई 2026 में पश्चिम, उत्तर, पूर्व सहित सभी प्रमुख जोन में उच्चस्तरीय विचार-विमर्श होगा। इन सम्मेलनों में केंद्र और राज्यों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान, किसान



संगठन, एफपीओ, स्टार्टअप और निजी क्षेत्र एक साथ बैठकर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे और जमीन से जुड़े अनुभवों के आधार पर आगे की कार्ययोजना तय करेंगे.

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि पश्चिमी क्षेत्र का पहला जोनल सम्मेलन 7 अप्रैल 2026 को जयपुर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा के प्रतिनिधि भाग लेंगे. इसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा सहित संबद्ध राज्यों के कृषि मंत्री और सभी वरिष्ठ कृषि अधिकारी शामिल होंगे.

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि इन जोनल कॉन्फ्रेंसों का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय को और मजबूत करना तथा स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप केंद्रीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है, इन बैठकों में आत्मनिर्भर दलहन मिशन, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन, प्राकृतिक खेती मिशन, डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन जैसी प्राथमिकताओं पर विस्तृत चर्चा होगी और बाधाओं की पहचान कर समाधान तय किए जाएंगे.

### इराक में अमेरिकी महिला पत्रकार अगवा

**वाशिंगटन.** पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष के बीच एक अमेरिकी महिला पत्रकार को इराक में अगवा कर लिया गया है. फिलहाल उनकी स्थिति और ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है. इंटरनेशनल विमेन मीडिया फाउंडेशन ने बुधवार को एक बयान जारी कर जानकारी दी है कि अमेरिकी फ्रीलांस पत्रकार शेली किटल्सन को मंगलवार को अगवा कर लिया गया. फिलहाल उनकी हालत और ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है. आईडब्ल्यूएमएफ ने इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए सुश्री किटल्सन को तुरंत खोजने और रिहा करने का आह्वान किया है.

संगठन ने कहा कि सुश्री

# अमूल्य योगदान दे रहा है सिद्धगंगा मठ : मुर्मु

▶ जन्मदिन समारोह और गुरुवंदना महोत्सव में भाग लिया

**नई दिल्ली 01 अप्रैल. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को कर्नाटक के तुमकुरु स्थित श्री सिद्धगंगा मठ में डॉ. शिवकुमार महास्वामीजी के 119वें जन्मदिन समारोह और गुरुवंदना महोत्सव में भाग लिया और कहा कि समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों और ग्रामीण क्षेत्रों के वंचित छात्रों को शिक्षा प्रदान करके यह मठ समावेशी समाज के निर्माण में अमूल्य योगदान दे रहा है.**


इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्री शिवकुमार स्वामीजी जैसे संत समाज और राष्ट्र की आत्मा के साक्षात स्वरूप हैं। उन्होंने का कि यद्यपि स्वामी जी का भौतिक शरीर



2019 में परम सत्ता में विलीन हो गया, फिर भी उनकी आध्यात्मिकता की धारा समाज और देश दोनों को सदा पोषित और संरक्षित करती रहेगी। उन्होंने अपने आध्यात्मिक कार्यों से मानवता को समृद्ध किया। निर्धनों और वंचितों की सेवा के प्रति समर्पित उनका जीवन कल्याणकारी कार्यों के माध्यम से आध्यात्मिकता को अभिव्यक्त करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। श्रीमती मुर्मु ने स्वामीजी के नेक कार्यों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए श्री सिद्धगंगा मठ की सराहना की.

मठ ने प्राथमिक विद्यालय स्तर से लेकर इंजीनियरिंग और प्रबंधन में उच्च शिक्षा तक की सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि स्वामीजी के मार्गदर्शन में स्थापित श्री सिद्धगंगा अस्पताल आम जनता को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि श्री सिद्धगंगा मठ समकालीन युग में सेवा और आध्यात्मिकता की सदियों पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए उसे आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा में ज्ञान के वरदान को अत्यधिक महत्व दिया जाता है.

# उपराष्ट्रपति ने सुधा मूर्ति की पुस्तक का किया विमोचन



**नई दिल्ली, 01 अप्रैल। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को यहां संसद परिसर के संविधान सदन में राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति द्वारा लिखित पुस्तक टाइड्स ऑफ टाइम्स-भारत्स हिस्ट्री थ्रू म्यूरल्स इन पार्लियामेंट का विमोचन किया.**

▶ संसद की भित्ति चित्रों में दिखी भारत की सभ्यतागत यात्रा

राधाकृष्णन ने पुस्तक की सराहना करते हुए अपने संबोधन में कहाकि इसमें संसद की भित्ति चित्रों की शाश्वत सुंदरता और गहरी प्रतीकात्मकता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है.

### आज का इतिहास

- 1679 – मुगल बादशाह औरंगजेब ने अपनी सल्तनत के हिंदुओं पर फिर से जजिया कर लगाया. इस कर को अकबर ने समाप्त किया था.
- 1849 – ब्रिटिश पंजाब की स्थापना हुई, जिससे पंजाब का भारत में विलय हो गया.
- 1902 – लॉसएंजिलिस में पहला मोशन पिक्चर थिएटर खुला.
- 1902 – हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के फनकार बड़े गुलाम अली खां का जन्म.
- 1912 – टाइटैनिक का सामुद्रिक परीक्षण शुरू.
- 1933 – भारतीय क्रिकेट के जनक माने जाने वाले रणजीत सिंह का निधन.

# कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है

▶ 3 महीनों में 145 एफआईआर दर्ज की : केजरीवाल

▶ लोकप्रियता से घबराकर कार्रवाई की जा रही है

**अहमदाबाद, 1 अप्रैल. अरविन्द केजरीवाल ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए अपने ताज़ा पोस्ट में उन्होंने आरोप लगाया कि गुजरात में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है.**

केजरीवाल के मुताबिक, पिछले तीन महीनों में 145 एफआईआर दर्ज की गई हैं और 16 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने



इसे बीजेपी की बौखलाहट और तानाशाही करार देते हुए कहा कि गुजरात में पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर यह कार्रवाई की जा रही है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ा मोड़ तब आया जब आप के राज्य अध्यक्ष इसुदान गढ़वी को भी गिरफ्तार कर लिया गया.

केजरीवाल ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि गुजरात की जनता इस कथित अन्याय का जवाब देगी। इस बयान के बाद राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है और सत्तारूढ़ बीजेपी तथा विपक्षी आप के बीच टकराव और गहरा होता दिख रहा है। गुजरात की राजनीति में इस समय आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि राज्य में आप के कार्यकर्ताओं के खिलाफ सुनियोजित तरीके से कार्रवाई की जा रही है.

# यह हमारा युद्ध नहीं है, हम इसमें नहीं उतरेंगे : स्टार्मर

**लंदन, 01 अप्रैल. ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने बुधवार को पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि यह ब्रिटेन का युद्ध नहीं है और देश को इसमें शामिल नहीं किया जाएगा.**

उन्होंने होर्मुज़ जलडमरूमध्य को पुन: खोलने पर भी जोर दिया। श्री स्टार्मर ने कहा, यह हमारा युद्ध नहीं है. हम इस संघर्ष में नहीं पड़ेंगे. यह हमारे राष्ट्रीय हित में नहीं है. उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया का संघर्ष अब दूसरे महीने में प्रवेश कर चुका है, जिसके मद्देनज़र सरकार त्वरित कदम उठा रही है. उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की



प्राथमिकता तनाव कम करना और क्षेत्र के महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग होरमुज जलडमरूमध्य को फिर से चालू कराना है. उन्होंने कहा कि ब्रिटेन में जीवनयापन की लागत को नियंत्रित करने का सबसे प्रभावी तरीका शांति और खाड़ी क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करना है.

# बढ़ते केस के लिए जिम्मेदार सरकार : सुको

## 11 दिन गैरहाजिरी पर बर्खास्तगी गलत

नई दिल्ली, 01 अप्रैल. देश की सर्वोच्च अदालत ने एक बार फिर केंद्र सरकार के रवैये पर सख्त टिप्पणी की है. अदालत ने स्पष्ट कहा कि देश में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार खुद सरकार है, जो छोटे-छोटे मामलों को भी सुप्रीम कोर्ट तक ले आती है.

यह टिप्पणी एक सीआईएसएफ कांस्टेबल से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान आई, जिसमें 11 दिन की गैरहाजिरी पर उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था. पहले पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट ने इस सजा को अत्यधिक कठोर मानते हुए कांस्टेबल को राहत दी थी और उसे बहाल करने का आदेश दिया था।इसके बावजूद केंद्र सरकार ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में



चुनौती दी, जिस पर अदालत ने नाराजगी जताई. कोर्ट ने कहा कि इस तरह की अपीलें न्यायिक प्रणाली पर अनावश्यक बोझ डालती हैं और गंभीर मामलों की सुनवाई में देरी का कारण बनती हैं. देश की शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए उसे सबसे बड़ा मुकदमेबाज करार दिया है. अदालत ने कहा कि सरकारी विभागों की आदत बन गई है कि वे हर छोटे-बड़े फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय तक पहुंच जाते हैं, जिससे न्यायपालिका पर अनावश्यक दबाव बढ़ता है. यह टिप्पणी जस्टिस बी. वी. नागराथ्नाऔर जस्टिस उज्जल भुयान की पीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान की. मामला केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के एक कांस्टेबल से जुड़ा था.

### ह्यूस्टन में धूमधाम से मनाया गया बिहार दिवस

वाशिंगटन, 01 अप्रैल. अमेरिका में टेक्सास प्रांत के ह्यूस्टन स्थित इंडिया हाउस में बिहार दिवस 2026 का आयोजन किया गया. भारतीय वाणिज्य दूतावास की महत्वपूर्ण भागीदारी में बिहार के लोगों ने स्थापना दिवस में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और इसे धूमधाम से मनाया. बिहार फाउंडेशन (टेक्सास चैप्टर), बीएएनए, बीएएनए और एएमबीयूजे की ओर से आयोजित इस समारोह का मुख्य उद्देश्य आपसी जुड़ाव, बिहार की पहचान को बढ़ावा देना और नए अवसरों को प्रोत्साहित करना था.

# विधेयक के विरोध में विपक्ष का संसद के मकर द्वार पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली, 01 अप्रैल. कांग्रेस तथा अन्य कई विपक्षी दलों के सांसदों ने संसद भवन परिसर में बुधवार को लोकसभा में पेश होने वाले विदेशी अंशदान विनियमन संशोधन विधेयक 2026 के विरोध में प्रदर्शन किया और सरकार से इसे वापस लेने की मांग की.**

विपक्षी दलों के सांसदों ने हाथों में बैनर लेकर नारेबाजी की और कहा कि यह विधेयक गैर सरकार संगठन (एनजीओ) तथा संस्थाओं को लक्ष्य करने की मंशा से लाया जा रहा है.

इसलिए सरकार को इसे तत्काल वापस लेना चाहिए. गौरतलब है कि लोकसभा में आज विदेशी अंशदान विनियमन संशोधन विधेयक, 226 पर चर्चा हो सकती है. यह विधेयक विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम 21 में संशोधन करेगा.

### सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर जोशी के घर पहुंचकर धामी ने जताया शोक

**देहरादून.** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश जोशी के घर पर पहुंचकर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी और परिजनों को ढांढस दिया। गौरतलब है कि देहरादून में रोडरेज की घटना के दौरान अराजक तत्वों की फायरिंग में सुबह की सैर पर निकले ब्रिगेडियर जोशी की गोली लगने से मौत हो गयी थी. ब्रिगेडियर जोशी के निधन पर उनके जोहड़ी, देहरादून स्थित आवास पहुंचकर श्री धामी ने अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है. उन्होंने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में शामिल दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। अधिकारियों को प्रदेश में ऑपरेशन प्रहार चलाकर अवांछित और हुड़दंग करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान, स्थानीय विधायक, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी भी मुख्यमंत्री के साथ थे।


साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

**सूचना**

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यो एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इंण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।



**M.P. POWER MANAGEMENT CO. LTD.**
Rampur-JABALPUR
**TENDER INVITATION**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender No. | 2026_MPPMC_496194_1 |
| 2. | Tender Specification No | EE/C/I/1108 |
| 3. | Tender Type/Mode of Tender | Double Envelope /e-Tendering |
| 4. | Tender for | Exterior Painting & Miscellaneous Civil work of NED, NDD, CF, NFD (DL) & NFD (SG) at MPPMCL Nayagaon, Jabalpur |
| 5. | Bids Submission Last Date & Time | 21-April-2026 15:00:00 |
| 6. | Tender opening date and time | 23-April-2026 15:30:00 |
| 7. | Bid Fee (INR) | Rs. 590/- (with GST) |
| 8. | Earnest Money (INR) | Rs.19,500/- |
| 9. | Eligibility of Contractor- | Registered in MPPMCL in D or above category or having experience as per bid data sheet. |
| 10. | Tender Forms Available at Website | www.mptenders.com |
| 11. | Contract No. for any other details required. | 0761-2702833/2702888 |

**Note :** The due date of extension or any corrigendum will not be published in newspapers and only uploaded on M.P. Tenders Site.

M.P. Madhyam/125145/2026 **EXECUTIVE ENGINEER (CIVIL) DN. I**



**M.P. POWER GENERATING COMPANY LTD.**
SUPERINTENDING ENGINEER (P&W)
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (GEN.)
Sanjay Gandhi Thermal Power Station, Birsinghpur, Distt.-Umaria-484552 (M.P.)
E-mail ID : sepnw.sgtps@mppgcl.mp.gov.in, Fax No. : 07655-260226

No. 511-0100/SGTPS/P&W/E-NIT-51/ 06 Birsinghpur, Dated : 01.04.2026.

**E- TENDER INVITING NOTICE**

M.P. POWER GENERATING CO. LTD. Invites Electronic tenders from manufacturer/reputed supplier /contractor, for the supply/works of following items for SGTPS, MPPGCL Birsinghpur.

| Sl. No. | MPPGCL TENDER – ID | Particulars | Estimate (In Rs.) | Tender Cost (In Rs.) | E.M.D. (In Rs.) | Last Date of Closing of Onling Submission | Due Date of E-tender Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 2026_ MPPGC_ 486269_1 | Procurement of various 0.4 KV LT Motors of Turbine auxiliaries, DM Plant & Ash handling plant for Unit No. 3 & 4 of SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur. | 12,73,860/- | 1,000/- | 25,500/- | 04.05.2026 | 08.05.2026 |
| 02. | 2025_ MPPGC_ 405648_1 | "Procurement of DC Solenoid Coil Assembly of Electrometric Relief Valve (ERV) installed at Main Steam & HRH Line for Unit No. 5, 500 MW" at SGTPS,MPPGCL, Birsinghpur. | 14,76,711/- | 1,000/- | 29,600/- | 04.05.2026 | 08.05.2026 |
| 03. | 2023_ MPPGC_ 317451_4 | Procurement of "silicon transformer oil" for TR Set of ESP at Unit No. 5,500 MW, SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur. | 22,47,900/- | 1,000/- | 45,000/- | 24.04.2026 | 30.04.2026 |
| 04. | 2026_ MPPGC_ 445985_1 | Procurement of Various types of Batteries for Coal Handling Plant (CHP) SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur. | 12,28,164/- | 1,000/- | 24,600/- | 27.04.2026 | 30.04.2026 |
| 05. | 2026_ MPPGC_ 487881_1 | Procurement of "Various size of floor grating for boiler pressure parts of unit No. 1 & 2, at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur | 47,40,768/- | 1,000/- | 94,900/- | 04.05.2026 | 08.05.2026 |

These tenders are being invited through e-tendering system/ For viewing detailed E-NIT, downloading tender documents and participating in Electronic Tender, for any clarifications and/or due date extensions or corrigendum, please visit the website **www.mptenders.gov.in** regularly/ Any clarifications and/or due date extensions or corrigendum shall be issued on the website **www.mptenders.gov.in only/**

**// SAVE ELECTRICITY- SAVE POWER- SAVE MONEY //**

M.P. Madhyam/125163/2026 **SUPERINTENDING ENGINEER (P&W)**


# मैं चाय वाला हूं, जब छोटा था चाय बेचता था : पीएम मोदी



**गोगामुख/डिब्रूगढ़, 01 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को असम के गोगामुख में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार की तीसरी बार सरकार बनाएगी.**

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बागान में काम कर रही महिला श्रमिकों से बातचीत करते हुए कहा कि आपकी मेहनत मेरे गांव तक पहुंची है. क्या आपको में मालूम है मैं चाय वाला हूं जब मैं छोटा था तो चाय बेचता था. प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस ने अपने लंबे शासनकाल में ब्रह्मपुत्र नदी के दोनों किनारों को जोड़ने के लिए केवल तीन पुल बनाए, जबकि भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (भाजपा-राजग) की डबल इंजन की सरकार ने पिछले 11 वर्षों में पांच नए पुलों का निर्माण कर लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया है. उन्होंने कहा कि बोगीबील पुल और भूपेन हजारिका सेतु जैसी परियोजना ने असम के लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है. मोदी ने कहा कि पहले सर्वानंद सोनोवाल और अब हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम की जनता ने पिछले 1 वर्षों में सेवा और सुशासन का नया दौर देखा है. उन्होंने जोर देकर कहा कि यह चुनाव विकसित असम से विकसित भारत बनाने का चुनाव है.

### पीएम मोदी दो राज्यों में करेंगे चुनाव प्रचार

**चेन्नई.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन और चार अप्रैल को तमिलनाडु और पुड्डुचेरी का दौरा करेंगे और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे. तमिलनाडु में 23 अप्रैल को और पुड्डुचेरी में नौ अप्रैल को मतदान होने हैं. मोदी शुक्रवार को अपराह्न में चेन्नई पहुँचेंगे और फिर हेलीकॉप्टर से पुड्डुचेरी के लिए रवाना होंगे, जहाँ वे एक रोड शो करेंगे. मोदी तीन अप्रैल को अपराह्न करीब तीन बजे यहाँ अजंता सिग्नल जंक्शन से अन्ना स्क्वायर तक होने वाले दो किलोमीटर लंबे रोड शो में हिस्सा लेंगे. वह पुड्डुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगासामी के नेतृत्व वाली सत्ताधारी ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी)-नीत राजग उम्मीदवारों के समर्थन में एक रैली को भी संबोधित करेंगे.

राजग में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (अन्ना द्रमुक) और एलजेकी शामिल हैं. पुलिस विभाग के सुझावों पर, जिला कलेक्टर कुलोथुंगन ने पूरे पुड्डुचेरी क्षेत्र को ड्रोन-मुक्त क्षेत्र घोषित कर दिया है. ड्रोन या गुब्बारों का उपयोग करके तस्वीरें या वीडियो बनाना प्रतिबंधित कर दिया गया है और इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गयी है. श्री मोदी तीन अप्रैल की शाम को चेन्नई लौट आएंगे और चुनाव से पहले अपनी चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ एक बैठक करेंगे. प्रधानमंत्री चार अप्रैल को मायलापुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करेंगे. इस सीट से भाजपा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पुड्डुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल और तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन चुनाव लड़ रही हैं. श्री मोदी अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले राजग उम्मीदवारों के समर्थन में एक रोड शो भी कर सकते हैं. इस गठबंधन में भाजपा, एएमएमके, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. अंबुमणि का पीएमके समूह, पूर्व केंद्रीय जहाजरानी मंत्री जी.के. वासन की टीएमसी और अन्य छोटे दल शामिल हैं. प्रधानमंत्री अपने सभी कार्यक्रम समाप्त करने के बाद चुनाव प्रचार के अगले चरण के लिए केरल रवाना हो सकते हैं. श्री मोदी के दौरे को देखते हुए तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं.

### केरल चुनाव में मतदान के दिन मतदाताओं के लिए मुफ्त उबर सेवा

**तिरुवनंतपुरम, 01 अप्रैल.** केरल में आगामी विधानसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास में ऊबर इंडिया ने एक विशेष पहल की घोषणा की है, जिसके तहत नौ अप्रैल को मतदान के दिन तिरुवनंतपुरम और एर्नाकुलम जिलों में मतदाताओं को लाने, ले जाने के लिए ऊबर नि:शुल्क सेवा देगा. यह पहल केरल के मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय के सहयोग से लागू की जा रही है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि परिवहन के अभाव के कारण नागरिक अपना वोट डालने से वंचित न रहें. इस योजना के अंतर्गत, मतदाता अपने संबंधित मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए ऊबर ऐप के माध्यम से नि:शुल्क यात्रा का लाभ उठा सकते हैं. यह प्रस्ताव कारों, ऑटो और दुपहिया वाहनों सहित सभी श्रेणियों की यात्रा पर लागू है. पिकअप स्थान से मतदान केंद्र तक दो किलोमीटर की दूरी तक की यात्रा पूरी तरह से नि:शुल्क होगी. दो किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए, उपयोगकर्ताओं को ऊबर की निर्धारित दरों के अनुसार मानक किराया देना होगा. भागीदारी को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए, ऊबर ऐप के सूचनाओं और सामाजिक मीडिया मंचों के माध्यम से मतदाता जागरूकता संदेशों का प्रचार भी किया जायेगा. यह सेवा समावेशी होने के लिए तैयार की गई है.




### ये लोग मैच-फिक्सर है : नितिन

**कन्नूर.** केरल में चुनावी माहौल के बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नितिन नवीन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। रोड शो के दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर मिलीभगत और जनता के लिए काम न करने के आरोप लगाए। नवीन ने कहा कि भाजपा और एलडीएफ के साथ होने के आरोप निराधार हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने दावा किया कि यूपीए शासन के दौरान भी इसी तरह काम हुआ और केरल की जनता के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया गया. ये लोग मैच-फिक्सर हैं और चुनाव से पहले ही सब तय कर लेते हैं. सबरीमाला मुद्दे को लेकर भी उन्होंने कांग्रेस और अन्य दलों को घेरा। उनके मुताबिक इस मुद्दे का राजनीतिकरण किया गया.